# केंद्रीय विद्यालय संगठन
## परीक्षा

कक्षा - 10 विषय - हिन्दी

समय 3 -घंटे पूर्णांक 80 -

सामान्य निर्देश -

प्रश्नपत्र में चार खंड हैं- . क घ, ग, ख ,

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं .

प्रश्नों का उत्तर देते हुए वर्तनी शुद्धि का ध्यान रखें .

---

## खंड क

**प्रश्न 1 -गद्यांश के आधार पर उत्तर दें -** 7

**वाणी एक अनमोल वरदान है. कोयल अपनी मीठी वाणी से सबका मन हर लेती है , जबकि कौए की कांव - कांव किसी को अच्छी नहीं लगती . वाणी के बिना सब कुछ सूना है. मीठी वाणी का प्रभाव बहुत व्यापक होता है .मीठी वाणी से सभी कार्य सिद्ध होते हैं. मधुर बोलने वालों का समाज में बहुत आदर होता है . मधुभाषी के मुख - मुख से निकला एक - एक शब्द सुनने वाले के मन को लुभाता है. उसके संपर्क में आने वाला व्यक्ति उसके वश में हो जाता है . मीठी वाणी केवल सुनने वाले को ही नहीं वरन उसे बोलने वाले को भी आनंद पहुचाती है. मृदुभाषी समाज में सदभावना का प्रसार करता है . कटु बोलने वाले को अनेक तरह की हानियाँ उठानी पड़ती है . ऐसे व्यक्ति के लिए कहा गया है - " खीरे का मुख काट के , मलियत नोन लगाय , रहिमन कड़वे मुखन को चहियत यही सजाय. " कटु भाषा का प्रयोग काम को बिगाड़ देता है. जहाँ मधुर वाणी अमृत है,वहीं कटु वाणी विष है. कहा भी गया है -'मधुर वचन है औषधि , कटुक वचन है तीर '**

**(क ) वाणी को अनमोल वरदान क्यों कहा गया है ?** 2

(ख) -‘मधुर वचन है औषधि , कटुक वचन है तीर ’ का क्या अर्थ है ? 1

(ग) कटु वचन बोलनें से क्या नुकसान होता है ? 1

(घ) “सद्भावना” का विलोम शब्द लिखें . 1

(च) मृदुभाषी समाज में सद्भावना का प्रचार कैसे करता है ? 2

प्रश्न 2- निम्नलिखित काव्यांश पढ़ कर नीचे दिए गएप्रश्नों का उत्तर दीजिए - 8

यादें होती हैं गहरी नदीं में उठी भंवर की तरह
नसों में उतरती कड़वी दवा की तरह
या खुद के भीतर छिपे बैठे सांप की तरह
जो औचक्के में देख लिया करता है
यादें होती हैं जानलेवा खुशबू की तरह
प्राणों के स्थान पर बैठे जानी दुश्मन की तरह
शरीर में धसे उस काँच की तरह
जो कभी नहीं दीखता
पर जब तब अपनी सत्ता का
भरपूर अहसास दिलाता रहता है
यादों पर कुछ भी कहना
खुद को कटघरे में खड़ा करना है
पर कहना जरूरत नहीं मेरी मजबूरी है .

(क) यादों को जानी दुश्मन क्यों कहा गया है ? 2

(ख) यादों को गहरी नदी में उठी भंवर क्यों कहा गया है ? 2

(ग) कटघरे का क्या अर्थ है ? 1

(घ ) नदीं में “भवँर “ उठना का शाब्दिक अर्थ क्या है ? 1

(च) शरीर में धंसे काँच से यादों का साम्य कैसे बैठता है ? 2

# खंड ख

## व्याकरण

प्रश्न 3 - रेखांकित शब्दों का पद परिचय दीजिए - 4

<u>आजकल</u> <u>संस्थाओं</u> द्वारा जनहित में <u>अनेक</u> काम <u>किये जा रहे</u> हैं .

प्रश्न 4 -

(क) सुबह से रो रो कर उसका बुरा हाल है . ( वाक्य का प्रकार बताएँ ) 1

(ख) सूर्य आसमान से धीरे - धीरे समुन्द्र में डूब गया .(संयुक्त वाक्य में बदलिए ) 1

(ग) हमें पता चला कि <u>वह तीर्थ यात्रा पर जा रहा है .</u> (रेखांकित वाक्यांश के उपवाक्य का प्रकार बताइए ) 1

प्रश्न 5 - निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तित करें

(क) हम इतनी गर्मी में नहीं रह सकते .(भाव वाच्य ) 1

(ख) चलो , आज मिलकर कहीं घूमा जाये (कर्तृवाच्य ) 1

(ग) मैंने पत्र लिखा ( कर्मवाच्य में ) 1

(घ) उनके द्वारा कैप्टन की देशभक्ति का सम्मान किया (कर्तृवाच्य में ) 1

प्रश्न 6 पठित काव्यांश

- बादल गरजो -!

घेर -घेर घोर गगन ,धाराधर ओ !

ललित ललित , काले घुंघराले ,

बाल कल्पना के , से पाले -

विदुत छवि उर में ! कवि नव जीवन वाले ,

वज्र छिपा  नूतन कविता ,

फिर भर दो -

बादल गरजो !

विकल विकल  उन्मन थे उन्मन ,

विश्व के निदाघ के सकल जन

आये अज्ञात दिशा से अनंत के घन !

तप्त धरा जल से फि ,र

शीतल कर दो

बादल गरजो  1  !

? कवि बादलों को क्या घेरने के लिए कह रहा है और क्यों (क)2

2 ? तप्त धरा व जल का सांकेतिक अर्थ क्या है (ख)

कविता का भाषा (ग) सौन्दर्य बताएं  1 .

प्रश्न 7-प्रश्नों का उत्तर संक्षेप में दीजिए ? 8

(क) कृष्ण के प्रति अपने प्रेम को गोपियों नें किस प्रकार व्यक्त किया है ?

(ख) पाठ के आधार पर तुलसी  भाषा सौन्दर्य की विशेषता बताइए

(ग) कवि के अनुसार फसल  क्या है ?

(घ) कवि की आँखों से फागुन की सुन्दरता क्यों नहीं हट रही है ?

(च) गोपियों नें किन उदहारण के माध्यम से उद्धव को उलाहने दिए हैं ?

प्रश्न - 8 - निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ कर प्रश्नों का उत्तर दीजिए -

वही पुराना बालाजी का मंदिर जहाँ बिस्मिल्ला खां को नौबतखाने रियाज के लिए जाना पड़ता है

मगर एक रास्ता है बालाजी मंदिर जाने का , यह रास्ता रसूलन बाई व बतूलन बाई के यहाँ से होकर गुजरता है . इस रास्ते से जाना अमीरुद्दीन को अच्छा लगता है . इस रास्ते से न जाने कितने तरह के बोल - बनाव , कभी ठुमरी कभी टप्पे , कभी दादरे के मार्फ़त ड्योढ़ी तक पहुचते रहते हैं . रसूलन बाई , बतूलन बाई जब गाती हैं तो अमीरुद्दीन को अच्छा लगता है . अपने ढेरों साक्षात्कारों में बिस्मिलाह खां साहब नें स्वयं स्वीकार किया है कि उन्हें अपने जीवन के आरंभिक दिनों में संगीत के प्रति आसक्ति इन्हीं गायिका बहनों को सुनकर मिली .

(क) बिस्मिलाह खां कौन थें ?बालाजी मंदिर से उनका क्या सम्बन्ध था ? 2

(ख) रसूलन बाई , बतूलन बाई के रास्ते से होकर गुजरना अमीरुद्दीन को अच्छा क्यों लगता है ? 2

(ग) नौबतखाने का क्या अर्थ है ? 1

प्रश्न 9- प्रश्नों का उत्तर संक्षेप में दें - 8

(क) फादर की उपस्थिति देवदार की छाया सी क्यों लगती है ?

(ख) लेखिका ने अपने पिता से वैचारिक टकराहट को किन शब्दों में व्यक्त किया है ?

(ग) लखनवी अंदाज निबंध को आप क्या नाम देना चाहेंगे और क्यों ?

(घ) नेता जी का चश्मा कहानी क्या सन्देश देती है ?

(च ) बालगोबिन भगत कि चारित्रिक विशेषताएँ बताएं ?

<u>कृतिका से -</u> 4 अंक

प्रश्न 10 - माता का अंचल पाठ में जो बच्चों की दुनिया है , वह आप की दुनिया से किस तरह अलग है ?

या

आज की पीढ़ी द्वारा प्रकृति से किस प्रकार खिलवाड़ किया जा रहा है ? साना साना .... पाठ में प्रकृति संरक्षण का सन्देश कैसे मिलता है ?

**प्रश्न 11 - बाजार में खाद्य पदार्थ में मिलावट की शिकायत करते हुए , जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी को पत्र लिखें . 5**

**अथवा**

**जीवन में आई कठिनाइयों से घबराना नहीं चाहिए , बल्कि उसका हिम्मत से सामना करना चाहिए , यह बताते हुए अपने भाई / बहन को पत्र लिखें .**

**प्रश्न 12 - निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 250 शब्दों में निबंध लिखें**

**(क) <u>वर्तमान में भारतीय किसान की स्थिति</u>**

**( किसान , हमारे लिए महत्तव , वर्तमान स्थिति , इसके पीछे कारण , स्थिति में सुधार के उपाय , उपसंहार )**

**(ख) <u>आप के जीवन का आदर्श</u>**

**( "आदर्श" तात्पर्य आदर्श व्यक्ति का परिचय , विशेषताएं प्रभावित होने का कारणजीवन पर प्रभाव , उपसंहार )**

**(ग ) <u>विज्ञापन और हमारा जीवन</u>**

**(विज्ञापन का उद्देश्य , विज्ञापन के विविध रूप , निर्णय को प्रभावित करने में विज्ञापन की भूमिका , विज्ञापन का सामाजिक दायित्व )**

**प्रश्न 3 - अपने घर का एक कमरा भाड़े पर देने के लिए एक विज्ञापन लिखें - 5 अंक**